**दिनांक : 11.01.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– वर्ष 2024 में 16 हजार करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये।
- स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का करेंगे शुभारंभ।
- मौसम विभाग ने प्रदेश कें 34 जिलों में बारिश का अलर्ट और सात जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई।

**समाचार विस्तार सेः–**

**पीएम विकसित भारत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृ ष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के पहले दिन केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक सम्पर्क के राजनीति में एक लाख युवाओं को शामिल करने संबंधी प्रधानमंत्री के स्वाधीनता दिवस के आह्वान के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत के बाद सरकार विभिन्न वार्षिक नेतृत्व और सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी।

**शाह–मादक पदार्थ तस्करी सम्मेलन**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2024 में 16 हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। नई दिल्ली में आज मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि लगभग 24 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किये गये, जबकि पिछले दस वर्षों में 56 हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं। इस कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस–2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। श्री शाह ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की भोपाल क्षेत्रीय इकाई के नये कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन किया। ड्रग डिस्पोजल पखवाड़ा अभियान आज से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगा।

**स्वामी विवेकानंद**

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष की तरह युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्य सरकार कल प्रदेश में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का क्रियान्वयन भी आरंभ कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मिशन का शुभारंभ करेंगे। युवा दिवस पर सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ ही स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर ज़िले के ग्राम डोभी के सीएम राइज़ स्कूल में विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार और योग करेंगे। सामूहिक सूर्य–नमस्कार में मंत्री, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन–प्रतिनिधि सहित विद्यार्थियों और जनसामान्य की भी सहभागिता होगी।

**दीक्षांत समारोहः राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में कहा कि ज्ञानवान होना ही पर्याप्त नहीं है, ज्ञान को आचरण में उतारना भी जरूरी है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान कवि, लेखक और राष्ट्रभक्त की स्मृति में स्थापित विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं का दायित्व है कि वह देश, समाज, समुदाय, परिवार और वंचितों के प्रति संवेदनशील रहें। भावी जीवन में कैरियर की सफलताओं में माता–पिता, गुरूजन और समाज के जरूरतमंद पीछे नहीं छूटने चाहिए। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक आशुतोष सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा हर युग में रही है, आगे भी रहेगी। भावी जीवन में भी रोज नई परीक्षा देनी होगी। आवश्यकता देश, काल और परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढालकर प्रयास करने की है। संचालक म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी अशोक कडैल और विश्वविद्यालय के कुलगुरू खेम सिंह डहेरिया ने भी संबांधित किया। राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**एचएमपीवी–डॉ तिवारी**

जैसा कि आप जानते हैं कि वर्तमान में एचएमपीवी वायरस के बारे में काफी चर्चा हो रही है। इस वायरस से बचाव को लेकर जानते हैं भोपाल जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी से

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर–जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश होने का अलर्ट जारी

किया है। वहीं, नर्मदापुरम, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, हरदा, बैतूल और बुरहानपुर में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जनवरी से तेज सर्दी का तीसरा दौर फिर आने की संभावना है। बताया गया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस–पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ओले–बारिश का अलर्ट है। इस दौरान दिन–रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी, लेकिन सिस्टम के आगे जाने के बाद ठंड का असर बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फ पिघलने से ठंड का असर बढ़ेगा। वहीं, हवा की रफ्तार भी बढ़ेगी।

## अनुगूंज

ग्वालियर में कल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में अनुगूँज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में "मैं बोझ नहीं भविष्य हूँ" नाटक की प्रस्तुति के साथ भरतनाट्यम, कत्थक और मणिपुरी नृत्य के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने स्वेच्छानुदान मद से नाटक के मंचन में शामिल सभी छात्राओं को 5 –5 हजार रूपए और छात्रों को 2500 –2500 रूपए देने की घोषणा की।

## समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में 1 करोड़ 28 लाख लाडलियों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 20वीं किस्त के करीब 1 हजार 570 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से ट्रांसफर करेंगे।
- श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष भी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता 20 जनवरी से प्रारंभ होगी। कुश्ती प्रतियोगिता में जिला, संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगितायें वजन वर्ग के आधार पर आयोजित होंगी।
- नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत बालाघाट के शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया गया।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। हर साल 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।
- अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ आज देवास जिले में उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रभात फेरी निकाली गई।

- **शहडोल पुलिस ने साइबर फ्रॉड रोकने के लिए एक नई पहल की है। जिले के 15 थानों और 3 पुलिस चौकियों के माध्यम से वाट्सग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ा गया है। इन ग्रुपों में लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं।**

- कॉलेज चलो अभियान" 2025-26 के अंतर्गत अभियान के प्रथम चरण में ज सीहोर के पीएम श्री शासकीय पीजी महाविद्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- नर्मदापुरम में हेलमेट के लिए जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गई । रैली में यातायात नियमों, हेलमेट के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– वर्ष 2024 में 16 हजार करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये।
- स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का करेंगे शुभारंभ।
- मौसम विभाग ने प्रदेश कें 34 जिलों में बारिश का अलर्ट और सात जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई।